तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 26 जून 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन ...



12 भारत के समुद्री रक्षा क्षेत्र में फिर दिखी भिलाई ...



# भुइयां पोर्टल एवं स्वामित्व योजना में लापरवाही पर चार पटवारियों की वेतनवृद्धि रोकी गई

## डिजिटल हस्ताक्षर कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर एसडीएम की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भुइयां पोर्टल के अंतर्गत डिजिटल हस्ताक्षर कार्य तथा स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही बरतने वाले चार पटवारियों के विरुद्ध अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बेमेतरा द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है।

संबंधित पटवारियों की एक-एक वार्षिक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से तत्काल प्रभाव से रोकने के आदेश जारी किए गए हैं। राजस्व विभाग द्वारा डिजिटल हस्ताक्षर कार्य एवं स्वामित्व योजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान संबंधित पटवारी हल्कों में कार्य अत्यंत असंतोषजनक पाया गया।

### ऑनलाइन कार्यों में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

चारों हल्कों में स्वामित्व योजना की प्रगति भी अत्यंत असंतोषजनक, नगण्य एवं निराशाजनक पाई गई। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बेमेतरा ने अपने आदेश में उल्लेख किया है कि संबंधित पटवारियों द्वारा पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरती गई तथा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित नहीं की गई। इसे गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम 10 (एक) (चार) के तहत लघु शास्ति (माइनर पेनाल्टी) अधिरोपित करते हुए चारों पटवारियों की आगामी एक वार्षिक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से तत्काल प्रभाव से रोक दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, डिजिटल सेवाओं एवं राजस्व विभाग से जुड़े ऑनलाइन कार्यों में किसी भी प्रकार की उदासीनता या लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की नियमित समीक्षा की जा रही है तथा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में कोताही बरतने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

समीक्षा में यह भी सामने आया कि कई ग्रामों में डिजिटल हस्ताक्षर कार्य 60 प्रतिशत से कम रहा तथा स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई। इस संबंध में संबंधित पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे, किंतु उनके द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाए गए। जारी आदेशों के अनुसार पटवारी शैलेन्द्र जायसवाल (प.ह.न. 03) के अंतर्गत सात ग्रामों में डिजिटल हस्ताक्षर कार्य 60 प्रतिशत से कम पाया गया। इसी प्रकार सुरेश भारती (प.ह.न. 30) के अंतर्गत चार ग्रामों, धनंजय साहू (प.ह.न. 05) के अंतर्गत पांच ग्रामों तथा कुंदन सिंह राजपूत (प.ह.न. 12) के अंतर्गत पांच ग्रामों में डिजिटल हस्ताक्षर कार्य निर्धारित लक्ष्य से काफी कम पाया गया।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक 30 को

**बेमेतरा।** कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं की अध्यक्षता में 30 जून को शाम 4:00 बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानिटरिंग समिति की बैठक आयोजित किया गया है। इसके साथ ही मैन्युअल स्केवेंजर्स एक्ट के तहत जिले में गठित जिला स्तरीय सर्वेक्षण समिति एवं जिला स्तरीय सतर्कता समिति की समीक्षा भी इस बैठक के दौरान किया जाएगा।

### सर्वेक्षण एवं सतर्कता समितियों की समीक्षा बैठक 30 जून को

**बेमेतरा।** मैनुअल स्कैवेंजर एक्ट के तहत जिले में गठित जिला स्तरीय सर्वेक्षण समिति एवं जिला स्तरीय सतर्कता समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्टर महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 30 जून 2026 को सायं 4:00 बजे दृष्टि सभा कक्ष, बेमेतरा में किया जाएगा। बैठक में मैनुअल स्कैवेंजर एक्ट के अंतर्गत जिले में संचालित गतिविधियों, सर्वेक्षण कार्यों तथा समितियों द्वारा की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की जाएगी।

### सिरसा अंडर ब्रिज का होगा मेंटेनेंस, 1 से 31 अगस्त तक रहेगा बंद

**भिलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के अंतर्गत सिरसा अंडर ब्रिज भिलाई-3 मरम्मत कार्य के लिए 1 जुलाई की सुबह 8 बजे से 31 जुलाई की शाम 6 बजे तक इस अंडर ब्रिज को अस्थाई रूप से बंद करना निश्चित किया गया है। अंडर ब्रिज की मरम्मत करना रेल यातायात व यात्रियों की संरक्षा की दृष्टि से अति आवश्यक है। बता दें कि अंडर ब्रिज में बड़े-बड़े गड्ढे हैं, जिसकी वजह से मार्ग से गुजरना खासा मुश्किल हो गया है।

### रिक्त पदों पर भर्ती के लिए अनंतिम सूची जारी

**दुर्ग।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन दुर्ग के अंतर्गत रिक्त पदों में संविदा भर्ती होनी है। 47 पदों के लिए पिछले दिनों भर्ती निकाली गई थी। संविदा भर्ती के लिए जारी विज्ञापन के तहत 3 विभिन्न संवर्गों के कुल 47 पदों पर संविदा भर्ती के लिए आवेदन मंगाए गए थे। दस्तावेज सत्यापन तथा लिखित, कौशल परीक्षा के बाद अनंतिम सूची जारी कर दी गई है। सूची का अवलोकन दुर्ग की वेबसाइट पर किया जा सकता है।

### अवैध शराब बेचते बुजुर्ग गिरफ्तार

**भिलाई।** जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ दुर्ग पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में नंदिनी नगर थाना पुलिस ने ग्राम मेड़ेसरा में अवैध शराब बिक्री करते एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस को 24 जून को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम मेड़ेसरा स्थित पानी टंकी के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेच रहा है।

## कार्रवाई : उचित मुआवजे की मांग को लेकर किसानों का विरोध

# मुआवजा विवाद के बीच बाईपास निर्माण पर प्रशासन की सख्ती, 10 अतिक्रमण हटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा






■ मुआवजा लेने के बाद भी कब्जा नहीं छोड़ने वालों पर चला बुलडोजर

निर्माणाधीन मोहभट्टा-नवागढ़ चौक बाईपास परियोजना को लेकर गुरुवार को दो अलग-अलग घटनाक्रम सामने आए। एक ओर भूमि अधिग्रहण के बदले उचित मुआवजा नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए किसानों ने प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया और मौके पर करीब एक घंटे तक बहस एवं चर्चा का दौर चलता रहा। वहीं दूसरी ओर प्रशासन ने उन 10 कब्जाधारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उनके अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया, जिन्हें भूमि का मुआवजा मिलने के बावजूद कई बार नोटिस दिए जाने के बाद भी जमीन खाली नहीं करने पर बुलडोजर कार्रवाई का सामना करना पड़ा। रायपुर-बेमेतरा मुख्य मार्ग पर यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से मोहभट्टा-नवागढ़ चौक बाईपास का निर्माण किया जा रहा है। परियोजना के लिए अधिग्रहित भूमि के मुआवजे को लेकर कुछ किसानों ने नाराजगी जताई। किसानों का कहना था कि उन्हें उनकी भूमि के वास्तविक मूल्य के अनुरूप मुआवजा नहीं मिला है। उन्होंने प्रशासन के समक्ष अपनी आपत्तियां दर्ज कराते हुए कहा कि जब तकन्यायसंगत मुआवजा नहीं मिलेगा, वे अपनी मांग उठाते रहेंगे। विवाद की सूचना पर प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल मौके पर पहुंचे। किसानों और अधिकारियों के बीच करीब एक घंटे तक चर्चा और बहस चली, जिसके बाद प्रशासन ने उनकी मांगों को संबंधित स्तर पर रखने का आश्वासन दिया और मामला शांत हुआ।

इसी परियोजना से जुड़े दूसरे मामले में प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया। अधिकारियों के अनुसार नवागढ़ चौक बाईपास क्षेत्र में 10 लोगों को भूमि अधिग्रहण के एवज में नियमानुसार मुआवजा राशि पहले ही दी जा चुकी थी। इसके बावजूद वे भूमि पर कब्जा बनाए हुए थे और कई बार नोटिस जारी करने के बाद भी जगह खाली नहीं कर रहे थे। इसके चलते राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम भारी अमले के साथ मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीनों की सहायता से सभी अवैध निर्माणों को हटाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान कुछ देर तनाव की स्थिति बनी, लेकिन पुलिस की मौजूदगी में अभियान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

प्रशासन ने मुक्त कराई गई भूमि को नेशनल हाईवे प्रबंधन को सौंप दिया है, जिससे बाईपास निर्माण कार्य में तेजी आने की उम्मीद है। हालांकि मुआवजे को लेकर किसानों की नाराजगी अभी भी बनी हुई है। ऐसे में बाईपास परियोजना के सामने एक तरफ मुआवजा विवाद की चुनौती है, तो दूसरी तरफ प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दे दिया है कि मुआवजा प्राप्त करने के बाद भी कब्जा बनाए रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# मितानिन संघ का एक दिवसीय सांकेतिक धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ मानदेय वृद्धि, एनएचएम में संविलियन और बाहरी एनजीओ की भूमिका समाप्त करने की मांग

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ के आह्वान पर बेमेतरा जिले में मितानिन कार्यकर्ताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया। जिलेभर से बड़ी संख्या में मितानिन कार्यकर्ता जिला मुख्यालय पहुंचीं और अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया।

धरना-प्रदर्शन के दौरान मितानिन कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और जनस्वास्थ्य योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, लेकिन उनकी समस्याओं और मांगों पर अब तक अपेक्षित निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने मितानिनों के मानदेय में 50 प्रतिशत वृद्धि तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) में संविलियन किए जाने की मांग दोहराई। मितानिन संघ ने स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कार्यों की जिम्मेदारी बाहरी गैर-सरकारी संस्थाओं (एनजीओ) को दिए जाने का भी विरोध किया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि वर्षों से जमीनी स्तर पर कार्य कर रही मितानिनों की उपेक्षा कर बाहरी संस्थाओं को जिम्मेदारी सौंपना उचित नहीं है, इससे उनके अधिकार और रोजगार दोनों प्रभावित हो सकते हैं।

धरना स्थल पर आयोजित सभा में संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव से पूर्व किए गए वादों को अब तक पूरा नहीं किया गया है। मितानिनों को उम्मीद थी कि सरकार उनकी मांगों के समाधान ▶▶| शेष पेज 13 पर

# हत्या के प्रयास मामले में आरोपी गिरफ्तार, सिर पर डंडे से प्राणघातक हमला कर गंभीर चोट पहुंचाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



■ न्यायिक रिमांड पर भेजा गया

थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी पर प्रार्थी के सिर पर डंडे से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाने का आरोप है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी जितेन्द्र यादव (43 वर्ष) निवासी खिलोरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 11 जनवरी 2026 को गांव में आयोजित मंडाई कार्यक्रम के दौरान गौठान के पास उसके भतीजे मनीष यादव और टिकेश्वर यादव के बीच विवाद हो रहा था। दोनों को समझाने के दौरान नंदकुमार यादव ने अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और डंडे से हमला कर उसके सिर एवं दाहिने हाथ में चोट पहुंचाई। प्रार्थी की शिकायत पर 13 जनवरी 2026 को भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई,

विवेचना के दौरान यह पाया गया कि आरोपी नंदकुमार यादव ने प्रार्थी पर हत्या करने की नीयत से प्राणघातक हमला किया था, जिसके आधार पर ▶▶| शेष पेज 13 पर

# भाजपा की ताकत बूथ कार्यकर्ता, संगठन विस्तार पर जोर शक्ति केंद्र बैठक में दो नए बूथ अध्यक्ष नियुक्त : निर्वाणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल अंतर्गत शक्ति केंद्र क्रमांक-2 (वार्ड क्रमांक 4, 5, 6 एवं 7) की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को वार्ड क्रमांक-5 स्थित विधायक कार्यालय में संपन्न हुई।

बैठक में केंद्र सरकार के "12 साल बेमिसाल" अभियान, प्रधानमंत्री के लोकप्रिय कार्यक्रम "मन की बात" तथा बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष रेवाराम निषाद, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र प्रभारी प्रज्ञा निर्वाणी, मंडल उपाध्यक्ष अमरिका निर्मलकर, महामंत्री संदीप यादव, डॉ. विनय साहू, पिंकी गुप्ता, संयोजक नंदू गुप्ता, सह प्रभारी धर्मेंद्र साहू, निर्भय गोस्वामी, पार्षद प्रतिनिधि शिव पाटिल, दीनानाथ साहू, हेतुल्य ठाकुर, राजेश दुबे, संजू निषाद, शालू साहू सहित शक्ति केंद्र के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठनात्मक विस्तार को गति देने के उद्देश्य से वार्ड क्रमांक-6 के बूथ क्रमांक-33 के लिए राजेश दुबे को बूथ अध्यक्ष तथा बूथ क्रमांक-34 के लिए संजू निषाद को बूथ अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

उपस्थित कार्यकर्ताओं ने दोनों नव-नियुक्त बूथ अध्यक्षों का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र प्रभारी प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि "भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका बूथ ▶▶| शेष पेज 13 पर

## कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने और नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया जोर

# डीआईजी ने जन शिकायतों पर त्वरित निराकरण दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभा कक्ष में जिले के राजपत्रित अधिकारियों तथा थाना-चौकी प्रभारियों की महत्वपूर्ण अपराध समीक्षा बैठक ली। बैठक में जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण, कानून व्यवस्था की मजबूती तथा नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई।

डीआईजी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन 1076 में प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं का निराकरण पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा प्रत्येक थाना और चौकी प्रभारी ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर लोगों से सीधे संवाद स्थापित करें। बैठक में फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनने, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने तथा जनविश्वास बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। डीआईजी ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नए कानून न्याय प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, तकनीकी रूप से सक्षम और प्रभावी बनाएंगे। उन्होंने लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान तथा विवेचना संबंधी प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, समयबद्ध अभियोग पत्र प्रस्तुत करने और फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अवैध शराब, सट्टा, गांजा, नशीले पदार्थों और साइबर अपराधों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने को कहा। बैठक में ऑपरेशन मुस्कान के तहत महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े मामलों के त्वरित निपटारे पर भी जोर दिया गया। साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी और सोशल मीडिया अपराधों की रोकथाम के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने तथा सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। डीआईजी ने "हमर पुलिस हमर बाजार" एवं "हमर पुलिस हमर गांव" अभियान के माध्यम से हाट-बाजारों और ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने तथा लोगों को जागरूक करने की बात कही। इसके अलावा स्थायी वारंटों की तामिली, असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, विजिबल पुलिसिंग, नाइट पेट्रोलिंग तथा गौ-वंश तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में सड़क सुरक्षा, साइबर प्रहरी अभियान, सशक्त ऐप, त्रिनयन ऐप और स्मार्ट पुलिसिंग के प्रभावी उपयोग पर भी चर्चा हुई। डीआईजी ने कहा ▶▶| शेष पेज 13 पर

# टकसीवा में ग्राम सभा आयोजित, जल संरक्षण व रिचार्ज पिट निर्माण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला



■ टकसीवा में ग्राम सभा आयोजित, जल संरक्षण व रिचार्ज पिट निर्माण पर जोर

जनपद पंचायत बेरला के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत टकसीवा में सरपंच ज्योति खेमराज साहू की अध्यक्षता में ग्राम सभा का सफल आयोजन किया गया। सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीण, मातृशक्ति एवं पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए।

ग्राम सभा में ग्रामीणों को रिचार्ज पिट निर्माण के महत्व और जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। सरपंच ने सभी से अपने घरों व खेतों में अनिवार्य रूप से रिचार्ज पिट बनाने की अपील की ताकि भूजल स्तर को सुधारा जा सके। साथ ही VB-G RAM-G संबंधी जानकारी का विस्तृत अवलोकन कर चर्चा की गई। बैठक में आवास प्लस योजना की सूची पर गहन विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा उठाई गईं जनसमस्याओं का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। ग्रामीणों ने विभिन्न विकास कार्यों व जनहित के मुद्दों पर अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए। सरपंच ज्योति खेमराज साहू ने कहा कि ग्राम सभा लोकतंत्र की सबसे मजबूत कड़ी है। सबकी भागीदारी से ही गांव का विकास संभव है। इस अवसर पर उपसरपंच, पंचगण, गणमान्य नागरिक, बड़ी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी की सक्रिय सहभागिता के साथ ग्राम सभा का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

## खबर संक्षेप

### पिता की मौत की सूचना देने वाला बेटा ही निकला हत्यारा



**दुर्ग।** बोरी थाना क्षेत्र में पिता की मौत के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। जिस युवक ने खुद थाने पहुंचकर अपने पिता के मृत होने की सूचना दी थी, वही जांच में हत्या का आरोपी निकला। पुलिस ने आरोपी पुत्र नीलकमल साहू (19 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 6, ग्राम नवागांव, थाना बोरी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है।पुलिस के अनुसार 17 जून को ग्राम नवागांव वार्ड 6 निवासी नीलकमल साहू ने थाना बोरी पहुंचकर सूचना दी थी कि उसके पिता कुलेश्वर साहू घर में मृत अवस्था में पड़े हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू की। जांच के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण, पंचनामा, गवाहों के बयान और अन्य साक्ष्य जुटाए गए। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसमें डॉक्टरों ने सिर पर गंभीर चोट लगने से मौत होने और मृत्यु की प्रकृति हत्या होना बताया। मर्ग जांच और पूछताछ के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले। जांच में सामने आया कि मृतक कुलेश्वर साहू और उसके पुत्र नीलकमल साहू के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा था। विवाद के दौरान आरोपी पुत्र ने अपने पिता के साथ मारपीट की, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई और उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद प्रार्थी नीलकमल साहू को ही आरोपी मानते हुए उसके खिलाफ धारा 103(1) और 238 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

### भागीरथ ने इंजीनियर से दिलवाए थे दो लाख

**भिलाई।** भिलाई नगर निगम से रिटायर्ड सीई भागीरथ वर्मा की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही है। एक तरफ एसीबी एक टीम उनकी संपत्ति का पता लगाने के लिए छत्तीसगढ़ से लेकर मध्य प्रदेश के कई ठिकानों पर पहुंच रही है। वहीं दूसरी तरफ एसीबी ने उनके साथ जुड़े इंजीनियर्स से भी पूछताछ कर रही है। निगम में पदस्थ इंजीनियर अर्पित बंजारे को भी एसीबी ने पूछताछ के लिए रायपुर तलब किया था, क्योंकि शिकायतकर्ता राघवेंद्र तिवारी का आरोप है कि भागीरथ वर्मा के कहने पर अर्पित ने उसे किसी ठेकेदार से दो लाख रुपए नगद दिलावए थे। राघवेंद्र तिवारी ने बताया कि एसीबी के अधिकारी उनसे लगातार मामले को लेकर दस्तावेजी साक्ष्य के साथ जानकारी मांग रहे हैं। उन्होंने बताया कि भागीरथ वर्मा ने टेंडर सेटिंग के नाम पर 1 करोड़ 68 लाख रुपए और घर व फार्महाउस के सामान व सोने के आभूषण पर 25 लाख रुपए की खरीदी करवाई थी। जब राघवेंद्र तिवारी ने रुपए मांगे और मामला बढ़ा तो भागीरथ वर्मा ने कहा था कि उसे निगम के इंजीनियर अर्पित बंजारे से 9 लाख रुपए लेने हैं, उससे वो कुछ रकम दिलवा देगा। भागीरथ वर्मा ने अर्पित बंजारे को भिलाई निगम के चीफ इंजीनियर कार्यालय में बुलाया और राघवेंद्र तिवारी को 9 लाख रुपए देने की बात कही। इस पर अर्पित ने व्यवस्था नहीं होने की बात कही और कहा कि वो एक ठेकेदार से 3 लाख रुपए दिलवा देगा।

### स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण अनुकूल गांवों के निर्माण में ग्राम पंचायतों की भूमिका महत्वपूर्ण : सीईओ

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला पंचायत में सरपंच-सचिवों की महत्वपूर्ण बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा ग्राम पंचायतों को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से जिला पंचायत सभाकक्ष में टॉप प्रायरिटी वाले ग्रामों के सरपंचों एवं सचिवों की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम स्तर पर स्वच्छता गतिविधियों को सुदृढ़ करने, कचरा प्रबंधन व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत कर्मियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया गया कि स्वच्छ और स्वस्थ ग्रामों के निर्माण के लिए कचरे का स्रोत स्तर पर पृथक्करण अत्यंत आवश्यक है। इसके माध्यम से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पुनर्चक्रण की प्रक्रिया भी अधिक प्रभावी बन सकेगी। बैठक में अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को घर-घर कचरा संग्रहण प्रणाली को सुदृढ़ करने, कचरे के पृथक्करण एवं उसके वैज्ञानिक निस्तारण की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान चार प्रकार के कचरा डिब्बों के उपयोग एवं उनके महत्व को समझाया गया। प्रतिभागियों को बताया गया कि गीला कचरा, सूखा कचरा, घरेलू जैव-चिकित्सीय अपशिष्ट तथा घरेलू जोखिमयुक्त अपशिष्ट को अलग-अलग एकत्रित एवं प्रबंधित किया जाना आवश्यक है। इससे कचरे के सुरक्षित निस्तारण के साथ-साथ पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण की संभावनाएं बढ़ेंगी तथा प्रदूषण में कमी आएगी।

- ग्राम पंचायतों में कचरे का स्रोत स्तर पर पृथक्करण, नियमित संग्रहण एवं वैज्ञानिक प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश



**ग्राम पंचायतें निभाएं अग्रणी भूमिका : सीईओ**

बैठक को संबोधित करते हुए जिला पंचायत बेमेतरा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती प्रेमलता पद्माकर ने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के सफल क्रियान्वयन में ग्राम पंचायतों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि गांवों में स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप देने की आवश्यकता है, ताकि प्रत्येक नागरिक स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझे और उसका पालन करे। उन्होंने सभी सरपंचों एवं सचिवों को निर्देशित किया कि गांवों में कचरे के स्रोत स्तर पर पृथक्करण, नियमित संग्रहण, वैज्ञानिक प्रबंधन तथा स्वच्छता गतिविधियों को प्राथमिकता के साथ संचालित किया जाए। साथ ही शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सतत प्रयास किए जाएं।

### जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश

बैठक में ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित करें, ताकि प्रत्येक परिवार कचरे के पृथक्करण एवं स्वच्छता संबंधी नियमों का पालन करे। इसके साथ ही ग्राम स्तर पर नियमित निगरानी व्यवस्था विकसित करने तथा सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जनभागीदारी से ही इसे स्थायी रूप से सफल बनाया जा सकता है। इसलिए ग्राम पंचायतें स्थानीय नागरिकों, महिला स्व-सहायता समूहों, युवाओं एवं सामाजिक संगठनों को भी इस अभियान से जोड़ें।

# 28 जून से जिले में शुरू होगा तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में 28 जून से 30 जून तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ 28 जून को होगा। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहड़ेकर के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहड़ेकर ने बताया कि जिले में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 96,085 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के पहले दिन 28 जून को जिले के 801 पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

- 96,085 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक, 801 बूथों पर होगी व्यवस्था

वहीं 29 और 30 जून को बूथों पर छूटे बच्चों तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर पहुंचकर पोलियो की खुराक देंगी। जिले के विकासखंडों में बेमेतरा में 26,776, साजा में 22,074, नवागढ़ में 25,009 तथा बेरला में 22,230 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के सफल संचालन के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। जिले के 14 ट्रांजिट स्थलों पर 44 सदस्यीय ट्रांजिट टीमों की तैनाती की गई है, जो ईंट-भट्ठों, घुमंतू परिवारों तथा मलीन बस्तियों में रहने वाले बच्चों को चिन्हांकित कर उन्हें पोलियो की दवा पिलाएंगी। इसके अलावा 6 मोबाइल टीमें भी विभिन्न ट्रांजिट स्थलों का भ्रमण कर अभियान की निगरानी एवं सहयोग करेंगी। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. शरद कोहाड़े ने बताया कि अभियान के संचालन में स्वास्थ्य विभाग के साथ जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मितानिन कार्यक्रम तथा शिक्षा विभाग का सहयोग लिया जा रहा है। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा है कि वे 28 जून को अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं। उन्होंने कहा कि पोलियो को देश में दोबारा प्रवेश करने से रोकने के लिए प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग ने जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों तथा मीडिया से भी अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार और सफल क्रियान्वयन में सहयोग की अपील की है।

# कोसपातर में प्राकट्य उत्सव मनाया, शोभायात्रा में शामिल हुए अनुयायी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

सद्गुरु कबीर साहेब का प्राकट्य उत्सव कोसपातर में गुरुवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस आयोजन में बेरला समेत आसपास के गांवों से हजारों कबीर पंथी अनुयायी पहुंचे। कार्यक्रम में शोभायात्रा निकाली गई। गुरु महिमा पाठ हुआ। ध्वज-निशान पूजा हुई। आरती हुई। विशाल भंडारा लगा। गुरुवार सुबह 8 बजे से श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया।

सुबह 9 बजे गुरु महिमा पाठ से कार्यक्रम शुरू हुआ। सुबह 11 बजे शोभायात्रा निकली। श्रद्धालु ध्वज-निशान लेकर नगर भ्रमण पर निकले। सद्गुरु कबीर साहेब के संदेशों का प्रचार किया। पूरे गांव में सत्यनाम के जयघोष गूंजे। शोभायात्रा के बाद ध्वज-निशान पूजा हुई। प्रवचन तोरण साहेब द्वारा सुनाया गया। भजन मंडलियों ने कबीर वाणी सुनाई। भजन प्रस्तुत किए। श्रद्धालु भाव-विभोर हुए। आसपास के दर्जनों गांवों से आई मंडलियों ने कार्यक्रम की रौनक बढ़ाई। तोरण साहेब ने कहा कि कबीर साहेब जी ने समाज में फैली कुरीतियों (जात-पात, अंधविश्वास समाप्त करना आदि) को अपनी शिक्षाओं के माध्यम से जड़ से उखाड़ने के लिए प्रयत्न किए। समिति प्रमुख तखत साहू ने कहा कि कबीर साहेब जी ने अपनी वाणियों के माध्यम से काल ब्रह्म की असलियत को दुनिया के सामने पेश किया और जीवात्माओं के इस काल लोक में जन्म लेने और मरने के रहस्य से पर्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कबीर साहेब जी के दोहों ने हमेशा समाज को अंधविश्वास और पाखंड से ऊपर उठकर उन्हें एक पूर्ण परमात्मा की भक्ति करने के लिए प्रेरित किया है।

### भंडारे में श्रद्धालुओं ने लिया प्रसाद

दोपहर 12 बजे भंडारा शुरू हुआ। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के प्रमुख तखत साहू ने समाजजनों को प्राकट्य उत्सव की शुभकामनाएं दीं। पूरे आयोजन में श्रद्धा, भक्ति, सामाजिक एकता का माहौल दिखा।आयोजन में समिति प्रमुख तखत साहू, गिरवर दास मानिकपुरी, समीर वर्मा, केजऊ साहेब, भगत साहेब, शिव मुनीम, केजू निषाद, भकला, भगत साहू, मुंशी साहू, नोहरी साहू, भागवत, केशव, खेमलता साहू, पुष्पा वर्मा, हीराबाई साहू, सूर्या साहेब सहित ग्रामवासी का सहयोग रहा।

### बाल आयोग के निर्देश पर गरीब परिवार को मिला न्याय

**भिलाई।** दुर्ग जिले के भिलाई कोहका स्थित एमजे स्कूल प्रबंधन द्वारा दो बच्चियों की टीसी न देने और दो साल तक पढ़ने नहीं देने के मामले को राज्य बाल संरक्षण आयोग ने आड़े हांथों लिया। आयोग ने बुधवार को मामले की सुनवाई फास्टट्रैक कोर्ट में की। आयोग ने स्कूल प्रबंधन, शिक्षा विभाग और पीड़िता की बातों को सुना। इसके बाद स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिया को वो दोनो बच्चियों की टीसी जारी करे। जिस साल की परीक्षा बच्चियों ने दी उस साल की मार्कशीट के साथ ही दोनो बच्चियों के खाते में आर्थिक सहायता के रूप में 21-21 हजार रुपए डाले। आयोग के इस आदेश का बच्ची की मां, वरिष्ठ अधिवक्ता सौरभ चौबे और भाजपा नेता रंजीत सिंह उर्फ राजा ठाकुर ने स्वागत किया है। अधिवक्ता सौरभ चौबे ने कहा कि आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने शिक्षा के अधिकार कानून और बेटी पढ़ाव बेटी बचाव अभियान का मान रखा है।

# ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में श्रद्धा के साथ मनाया गया 'मम्मा डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बेमेतरा सेवा केंद्र में संस्थान की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती (मम्मा) के 61वें पुण्य स्मृति दिवस को श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उमंग के साथ 'मम्मा डे' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जिले एवं आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से आए 300 से अधिक ब्रह्मावत्स भाई-बहनों ने सहभागिता करते हुए मम्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा सामूहिक राजयोग और आध्यात्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वरीय स्मृति एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

- प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती के 61वें पुण्य स्मृति दिवस पर 300 से अधिक ब्रह्मावत्स भाई-बहनों ने किया सामूहिक राजयोग



उपस्थित सभी भाई-बहनों ने राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से परमात्म स्मृति में रहकर विश्व शांति, मानव कल्याण एवं आत्मिक उत्थान के लिए सामूहिक योग साधना की। पूरे सेवा केंद्र का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा, शांति और सकारात्मकता से ओत-प्रोत रहा। इस अवसर पर सेवा केंद्र प्रभारी बी.के. शशि दीदी ने मम्मा के जीवन, व्यक्तित्व एवं उनके दिव्य गुणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती त्याग, तपस्या, पवित्रता, सहनशीलता, विनम्रता और आध्यात्मिक शक्ति की साकार प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने अपने अल्प जीवनकाल में ईश्वरीय ज्ञान को आत्मसात कर लाखों लोगों के जीवन को नई दिशा प्रदान की। बी.के. शशि दीदी ने कहा कि केवल मम्मा को याद करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके गुणों को अपने जीवन में धारण करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने सभी को पवित्र, सेवाभावी, निस्वार्थ, सहनशील और ईश्वरनिष्ठ जीवन अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान मम्मा के जीवन से जुड़े प्रेरणादायी प्रसंगों, उनके त्यागमय जीवन, आध्यात्मिक उपलब्धियों तथा ईश्वरीय सेवा में उनके अमूल्य योगदान को साझा किया गया। भाई-बहनों ने अपने अनुभवों के माध्यम से बताया कि मम्मा का जीवन आज भी करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है।

इस अवसर पर सेवा केंद्र प्रभारी बी.के. शशि दीदी ने 300 से अधिक ब्रह्मावत्स भाई-बहनों को ईश्वरीय स्मृति स्वरूप वरदान कार्ड एवं गॉडली गिफ्ट प्रदान किए। सभी ने इन उपहारों को आध्यात्मिक प्रेरणा और ईश्वरीय प्रेम का प्रतीक बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं एवं उपस्थित भाई-बहनों के लिए विशेष रूप से ब्रह्मा भोजन की व्यवस्था की गई। सभी ने प्रेम, एकता एवं आध्यात्मिक सौहार्द के वातावरण में ब्रह्मा भोजन ग्रहण किया। पूरे आयोजन में अनुशासन, पवित्रता और आत्मीयता का अद्भुत संगम देखने को मिला। मम्मा डे के इस विशेष आयोजन में मम्मा के पदचिन्हों पर चलकर श्रेष्ठ चरित्र निर्माण का संकल्प दिलाया गया।

# मनियारी स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

विकासखंड बेरला के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय मनियारी में 'शाला प्रवेश उत्सव 2026' बेहद हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत मनियारी की सरपंच सोहन साहू थीं। उन्होंने स्कूल पहुंचे नवप्रवेशी बच्चों को तिलक और गुलाल लगाकर उनका आत्मीय स्वागत किया।

सरस्वती पूजन से शुरुआतकार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस दौरान अतिथियों और शिक्षकों ने नन्हे बच्चों को मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। शासन की योजना के तहत बच्चों को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें एवं गणवेश (यूनिफॉर्म) भी बांटे गए। नई किताबें और ड्रेस पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।होनहार बच्चों का बढ़ाया हौसलाउत्सव के दौरान पिछली कक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें कक्षा पांचवीं से मेघा विश्वकर्मा, दक्ष कुमार वर्मा, धनेश्वर कुमार चक्रधारी और कक्षा आठवीं से दामिनी निषाद, सिद्धि साहू व नीलम साहू शामिल हैं। विद्यालय के प्रधान पाठक ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। गुलाल और टीका लगाकर स्वागत करना हमारी संस्कृति है, जिससे बच्चों में स्कूल के प्रति अपनापन बढ़ता है। हमारा प्रयास शासन की योजनाओं का लाभ हर बच्चे तक पहुंचाना है।

- मेधावी छात्र सम्मानित

ग्रामीण और शिक्षक रहे उपस्थितइस अवसर पर उपसरपंच संतोष साहू, प्रहलाद नेताम, पंच धनंजय पटेल, राजकुमारी निषाद, इतवारी साहू, नंदनी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे। वहीं, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक प्रसन कुमार, संकुल समन्वयक दुर्गादास चेलक, शिक्षक पटेल, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक केशवराम देशलहरे, शिक्षक भारत साहू और शिक्षक राजपूत सहित समस्त शाला परिवार ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई।

### धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रवेशोत्सव

**थानखम्हरिया।** शासकीय हाई स्कूल गौरमाटी में गुरुवार को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह पूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं सरस्वती वंदना से हुआ। इसके पश्चात शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष टहल राम साहू, सरपंच प्रतिनिधि बिजेश्वर साहू,उप सरपंच छन्नूलाल साहू, महिला पंच रेखा सोरी, धनेश्वरी साहू, पंच बलराम साहू एवं कमलेश मानिकपुरी द्वारा नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, मिष्ठान खिलाकर एवं निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण कर आत्मीय स्वागत किया गया । संस्था के प्राचार्य कृष्ण कुमार वर्मा ने अपने उद्बोधन में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नियमित रूप से विद्यालय आने तथा निर्धारित समय तक उपस्थित रहकर शिक्षण कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शासन की विभिन्न छात्रोंपयोगी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों, पालकों एवं शाला प्रबंधन समिति का निरंतर सहयोग आवश्यक है। कार्यक्रम का सफल संचालन जयप्रकाश साहू ने किया एवं आभार प्रदर्शन सरोज बाला बनाफर द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की समस्त विद्यार्थी, शिक्षक गण पालक, गण एवं सफाई कर्मचारी लोभावन दास बाधे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### गोल्डन आवर में त्वरित चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

# प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना पीड़ितों को मिलेगा नि:शुल्क उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को समय पर और निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गुरुवार को जिला कार्यालय के दृष्टि सभा कक्ष में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं एवं पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योजना के प्रावधानों और उनकी जिम्मेदारियों की जानकारी दी। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने कहा कि सड़क दुर्घटना के बाद का पहला घंटा, जिसे स्वर्णिम समय कहा जाता है, घायल व्यक्ति के जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान समय पर उपचार मिलने से अनेक गंभीर मामलों में जान बचाई जा सकती है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही राहत एवं उपचार की प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए, ताकि पीड़ित को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री राहत योजना का उद्देश्य दुर्घटना पीड़ितों को उपचार उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके परिवारों को आर्थिक और मानसिक संकट से राहत प्रदान करना भी है। इसके लिए स्वास्थ्य, पुलिस तथा अन्य संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है।



**अस्पतालों में स्थापित होंगे सहायता केंद्र:** कार्यशाला में बताया गया कि जिले के शासकीय एवं निजी अस्पतालों में प्रधानमंत्री राहत योजना सहायता केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इन केंद्रों के माध्यम से सड़क दुर्घटना पीड़ितों की जानकारी तत्काल ऑनलाइन दर्ज कर निःशुल्क उपचार की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। साथ ही स्वास्थ्य विभाग और 108 एम्बुलेंस सेवा से जुड़े कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। पुलिस उप महानिरीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने कहा कि सड़क दुर्घटना पीड़ितों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने में पुलिस विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही इलेक्ट्रॉनिक दुर्घटना विवरण अभिलेख पोर्टल में आवश्यक जानकारी दर्ज की जाए, जिससे उपचार एवं अन्य सहायता संबंधी प्रक्रियाएं शीघ्र प्रारंभ हो सकें।

उन्होंने कहा कि दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करना केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि मानवीय कर्तव्य भी है। नागरिकों को दुर्घटना पीड़ितों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए तथा तत्काल आपातकालीन सेवा 112 अथवा 108 पर सूचना देकर उन्हें नजदीकी अस्पताल पहुंचाने में सहयोग करना चाहिए।

### हिट एंड रन मामलों में भी सहायता

कार्यशाला में बताया गया कि अज्ञात वाहन द्वारा दुर्घटना (हिट एंड रन) के मामलों में भी पीड़ित परिवारों को सहायता प्रदान की जाती है। वर्तमान प्रावधानों के अनुसार दुर्घटना में मृत्यु होने पर 2 लाख रुपये तथा गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि दी जाती है।कार्यशाला में योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार और जनजागरूकता अभियान चलाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में पुलिस, स्वास्थ्य, परिवहन विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में साजा ब्लॉक के 28 विद्यार्थियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साजा विकासखंड के सरकारी स्कूलों ने राष्ट्रीय साधन-सह-प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 28 विद्यार्थियों का चयन सुनिश्चित किया है। वहीं प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में भी लगभग 15 विद्यार्थियों के चयन की संभावना है। इस उपलब्धि से विकासखंड में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति विद्यार्थियों और शिक्षकों में नया उत्साह देखने को मिल रहा है।

चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रति माह 1000 रुपये की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी। इस सफलता के पीछे शिक्षकों की नवाचारी पहल और वर्षभर की सतत तैयारी को प्रमुख कारण माना जा रहा है। ग्रुप एडमिन एवं व्याख्याता कमलेश कुमार वर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों और पालकों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर प्रतिदिन ऑनलाइन अध्ययन सामग्री, वीडियो और अभ्यास लिंक साझा किए गए। साथ ही ऑफलाइन मॉक टेस्ट के माध्यम से परीक्षा की बारीकियों से अवगत कराया गया। इस अभियान में संकुल समन्वयक कुंभलाल वर्मा, शिक्षक नरेश कुमार बघेल, बीईओ निलेश चंद्रवंशी, बीआरसी खोमलाल साहू सहित अनेक शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। शिक्षकों के सामूहिक प्रयास और प्रशासनिक सहयोग के परिणामस्वरूप यह उल्लेखनीय सफलता हासिल हुई है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों और पालकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए चयनित विद्यार्थियों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।